लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ रायपुर
(प्रथम तल, सी खण्ड इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर)
(दूरभाष क्रमांक 0071–2331385 ई.मेल.आई.डी. cg.dpi.dir@gmail.com)

क्रमांक/अनुदान/ सी.बी.एस.ई./एन.ओ.सी./2023 139 नवा रायपुर दिनांक 30..05.2023

प्रति,

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय महानदी भवन
नवा रायपुर

विषयः सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत् अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में– अशासकीय माउंट लिटेरा जी स्कूल, उस्लापुर वि.खं.तखतपुर जिला बिलासपुर।

संदर्भः जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर का पत्र क्रमांक/1315/अनुदान/मान्यता/2023/दिनांक 02.03. 2023

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से अशासकीय माउंट लिटेरा जी स्कूल, उस्लापुर वि.खं.तखतपुर जिला बिलासपुर के सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम से संबध्दता बाबत अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

प्रस्ताव का परीक्षण छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/एफ 6–1/ 2008/ 20–तीन दिनांक 09.7.2013 एवं एन.आई.सी.द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार किया जाता है।

परीक्षण टीप निम्नानुसार है :

1. विभागीय अनापत्ति हेतु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र की प्रति संलग्न है।
2. संस्था की कार्यकारिणी में छ.ग.माध्यमिक शिक्षा मण्डल के प्रतिनिधि नामांकित किया गया है। पत्र संलग्न है।
3. छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक/एफ 6–1/2008/20–तीन दिनांक 09.07.2013 में दिये गये निर्देशों के पालन करने के संबंध में शपथ–पत्र संलग्न है।
4. संस्था के प्रबंध कार्यकारिणी समिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी तखतपुर एवं प्राचार्य शास.उ.मा. वि.उस्लापुर जिला बिलासपुर को शाला प्रबंधन समिति में प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।
5. जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा कक्षा नर्सरी से 8वीं तक मान्यता प्रदान की गई है।
6. संस्था के पास स्वयं की भूमि नहीं है। भूमि लीज पर ली गई है। जिसका क्षेत्रफल 7100.34 स्क्वायर मीटर है। बिल्डअप एरिया 6179.83 स्क्वायर मीटर है। भूमि का नक्शा खसरा किश्तबंदी खतौनी इत्यादि की छायाप्रति संलग्न हे।
7. स्कूल में कम्प्यूटर लैब, प्रयोगशाला कक्ष, ग्रंथालय उपलब्ध होने संबंधी प्रमाण पत्र एवं फोटो प्रति संलग्न है।
8. संस्था में नर्सरी से सातवीं तक कुल 120 विद्यार्थी सत्र 2022–23 की स्थिति में अध्ययनरत् है। कक्षावार छात्र संख्या की जानकारी संलग्न है।
9. विद्यालय में कुल 21 शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत् हैं। स्टॉफ की सूची (पद, शैक्षणिक योग्यता, वेतन इत्यादि की जानकारी संलग्न हे।
10. शिक्षण समिति का नाम " आरो एजुकेशनल फाउंडेशन बिलासपुर " है। पंजीयन क्रमांक U80100CT2020NPL010579 दिनांक 10.02.2020 है। समिति की नियमावली व समिति के सदस्यों की सूची आदि की जानकारी संलग्न है।

11. संस्था में पेयजल,शौचालय,अग्निशमन यंत्र, उपलब्ध होने संबंधी प्रमाण–पत्र एवं फोटो प्रति संलग्न हे।
12. संबंधित स्कूल निरीक्षण प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।
13. शाला का 1 वर्षो का ऑडिट रिपोर्ट अपलोड किया गया है।
14. संस्था में पालक–शिक्षक समिति गठित किया गया हे।
15. संस्था का शुल्क विवरण पत्रक संलग्न किया गया है।
16. जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा अशासकीय माउंट लिटेरा जी स्कूल, उस्लापुर वि.खं.तखतपुर जिला बिलासपुर को सी.बी.एस.ई.संबध्दता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के संबंध में संस्था को संपूर्ण संसाधनों से परिपूर्ण बताया है।
17. पिछले तीन महिनों की स्टॉफ की उपस्थिति रजिस्टर की जानकारी अपलोड किया गया है।
18. स्टॉफ के वेतन का सैलरी सर्टिफिकेट संलग्न किया गया है।
19. सरपंच ग्राम पंचायत उस्लापुर जिला बिलासपुर द्वारा स्कूल भवन निर्माण किये जाने भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया है।
20. सब इंजीनियर एवं एज्युकेटिव इंजीनियर, पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय बिलासपुर द्वारा प्रदाय भवन सुरक्षित संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है।

उपरोक्तानुसार अशासकीय माउंट लिटेरा जी स्कूल, उस्लापुर वि.खं.तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. को कक्षा पहली से आठवीं तक शिक्षा सत्र 2023–24 से सी.बी.एस.ई.पाठ्यक्रम सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने बाब्त प्रस्ताव मूलतः संलग्न प्रेषित है।

(संचालक, लोक शिक्षण छ.ग.द्वारा आदेशित)

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर

पृ.क्रमांक / अनुदान / सी.बी.एस.ई. / एन.ओ.सी. / 2023 140 नवा रायपुर दिनांक 30.05.2023

प्रतिलिपि,

21. जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार के पत्र क्रमांक / मान्यता / 2022 / 7952 दिनांक 09.12.2022 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़ नवा रायपुर